+

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार – 249404

संख्याः 274/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांकः 13 अगस्त, 2024

अनर्ह सूची

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर, **संस्कृत (Sanskrit)** विषय हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली 2012 (यथा संशोधित) में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में A.P.I. स्कोर के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 07 जून 2024 में सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 24 जून, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन में किये गए दावों के समर्थन में उपलब्ध कराये गए प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरान्त मा0 आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर, **संस्कृत (Sanskrit)** विषय के निम्नलिखित अभ्यर्थियों को तालिका के कॉलम–3 के अनुसार अनर्ह किया गया हैः–

क्र0सं0	अनुक्रमांक	अभ्युक्ति
1	2	3
1.	503333	1.अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन एवं टीचिंग अनुभव से सम्बन्धित दावा किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन में मुख पृष्ठ एवं अनुक्रमणिका संलग्न किया गया है जिस कारण विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के 06 अंक मान्य नहीं किये गये हैं। टीचिंग अनुभव श्रेणी में 08 अंक के स्थान पर 6.42 अंक अनुमन्य किये गये हैं, जिस कारण अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 93 अंक के स्थान पर 85.42 अंक होना है। Sanskrit विषय में GEN श्रेणी का संशोधित कट–ऑफ स्कोर 93 है। अभ्यर्थी संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करता है। 2.अभ्यर्थी से पीएच0डी0 (Ph.D) **हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3** प्रमाण–पत्र वांछित है। **3.** अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के दावे के सापेक्ष शोधपत्र संलग्न नहीं किया गया है। केवल शोधपत्रिका का मुख पृष्ठ और अनुक्रमणी ही संलग्न किया गया है, जिसको विषय–विशेषज्ञों द्वारा मान्य नहीं किया गया है। अभ्यर्थी से **वांछित शोधपत्र अपेक्षित** है। **4. संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित न करने एवं पी0एच0डी0 (Ph.D) हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3 के अनुसार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अनर्ह किया गया है।**
2.	503913	1.अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग अनुभव एवं अवार्ड से सम्बन्धित दावा किया गया है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन एवं टीचिंग अनुभव के दावे को सही माना गया है, परन्तु अवार्ड श्रेणी में 03 अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अंक अनुमन्य किये गये हैं, जिस कारण अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 94 अंक के स्थान पर 91 अंक होना है। sanskrit विषय में GEN श्रेणी का संशोधित कट–ऑफ स्कोर 93 है। अभ्यर्थी संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करती है। 2.अभ्यर्थी से पीएच0डी0 (Ph.D) **हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3** प्रमाण–पत्र वांछित है। **3.संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित न करने एवं पी0एच0डी0 (Ph.D) हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–3 के अनुसार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अनर्ह किया गया है।**
3.	504490	1. अभ्यर्थी द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन, टीचिंग अनुभव एवं अवार्ड से सम्बन्धित दावा किया गया है। विषय–विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पब्लिकेशन के दावे को सही माना गया है, परन्तु टीचिंग अनुभव में 10 अंक के स्थान पर 0.33 अंक अनुमन्य किये गये हैं एवं अवार्ड श्रेणी में 2 अंक के स्थान पर 00 (शून्य) अंक अनुमन्य किये गये हैं, जिस कारण अभ्यर्थी का कुल ए0पी0आई0 स्कोर 93 अंक के स्थान पर 81.33 अंक होना है।

		sanskrit विषय में **GEN** श्रेणी का संशोधित कट–ऑफ स्कोर 93 है। अभ्यर्थी कट–ऑफ में स्थान धारित नहीं करती है। 2.अभ्यर्थी से पीएच0डी0 (Ph.D) **हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–4** प्रमाण–पत्र वांछित है। **3.संशोधित कट–ऑफ में स्थान धारित न करने एवं पी0एच0डी0 (Ph.D) हेतु विज्ञापन में उल्लिखित परिशिष्ट–4 के अनुसार प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु अनर्ह किया गया है।**

अभ्यर्थी उपरोक्त अनर्ह सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति व्यक्त करना चाहते हैं, तो इस संबंध में आपत्तियों से संबंधित अभिलेखों/साक्ष्यों सहित प्रत्यावेदन **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार– 249404** के कार्यालय को **दिनांक 28.08.2024 (बुधवार) के सांय 06:00 बजे तक** व्यक्तिगत रूप से (कार्यालय दिवस सोमवार से शुक्रवार) अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

-sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव